भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2603

04 .12 .2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

जर्मनी की चांसलर की यात्रा

2603. **एडवोकेट ए.एम. आरिफ:**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जर्मनी की चांसलर ने हाल ही में भारत की यात्रा की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या परिणाम निकले;

(ग) क्या जर्मनी की चांसलर ने कश्मीर के बारे में चिंता दिखाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) और **(ख)** जर्मन चांसलर डॉ. एंजेला मर्केल ने नई दिल्ली में 01 नवंबर, 2019 को आयोजित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बीच होने वाले परामर्श की 5 वीं बैठक में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा की। उनके साथ एक उच्च-स्तरीय शिष्टमंडल भी भारत आया था जिसमें मंत्रीगण और सचिवों के साथ-साथ एक व्यावसायी शिष्टमंडल भी शामिल था।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों की परामर्श बैठक के अवसर पर न केवल दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों का जायजा लेने का एक अवसर मिला, अपितु विकास सहयोग, परिवहन, कौशल विकास तथा ऊर्जा जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने तथा शहरों में पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तथा स्वच्छ पर्यावरण परियोजनाओं जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने का भी अवसर प्राप्त हुआ।

इस यात्रा के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रेलवे, अंतरिक्ष, स्मार्ट सिटीज, शहरों में पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था, कौशल विकास, उच्चतर शिक्षा, कृषि, समुद्री अवशिष्ट, नागर विमानन आदि क्षेत्रों में 22 द्विपक्षीय समझौता ज्ञापनों /करारों पर हस्ताक्षर किए गए।

(ग) और **(घ)** इस बैठक के दौरान सभी द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की गई। जम्मू और कश्मीर में हाल के घटनाक्रम पर भारत सरकार का रुख स्पष्ट किया गया।

***